हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

9 अब एक छत के नीचे मिलेगी कुरुक्षेत्र के तीर्थ और ...



10 राज्य सरकार ने 79 निगम कर्मचारियों को दी जॉब ...



## खबर संक्षेप

### फाइन आर्ट्स-एमए संगीत की प्रवेश परीक्षा आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मंगलवार को एमए फाइन आर्ट्स व एमए संगीत की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी कम्युनिटी सेंटर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है जिसके लिए 113 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है।

### कुवि में प्रो. नरेंद्र सिंह बने हॉर्टिकल्चर विभाग के इंजार्च

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार बॉटनी विभाग के प्रो. नरेन्द्र सिंह को तत्काल प्रभाव से हॉर्टिकल्चर विभाग के इंजार्च का कार्यभार सौंपा गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. नरेन्द्र सिंह ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को सौंपने के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए पूरी लगन व निष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही।

### 210 ग्राम अफीम सहित दो नशा तस्कर पकड़े

**पिहोवा।** हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के अभियान में एक और सफलता मिली है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की कुरुक्षेत्र यूनिट ने 210 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक राजेश कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ थाना शहर पेहवा क्षेत्र में नाका लगाया गया था, जब उन्हें गुप्त सूचना मिली कि दो तस्कर राम नाटक क्लब, पेहवा के पास अवैध अफीम की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने राम नाटक क्लब के पास दबिश दी और मौके से दो तस्करों को धर दबोचा।

### अंबाला: रेलवे ट्रैक से जीआरपी को मिला शव

**अंबाला।** अंबाला-सहारनपुर रेलवे खंड पर बंधु नगर रेल पुल के नीचे से एक व्यक्ति का शव मिला। मौके पर पहुंच जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी सुमित वालिया ने बताया कि किलोमीटर नंबर 261/5-6 के पास मिला था। मृतक की उम्र लगभग 30-35 वर्ष है। मृतक की दांई हथेली के पीछे और बाजू पर जय मां लिखा हुआ है। इसी प्रकार बांई बाजू पर जय माता दी गुदा हुआ है।

### पेट्रोल पंप कर्मी से नकदी लूटी

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था में स्थित किसान फिलिंग स्टेशन पर लूट की घटना हुई। इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में पेट्रोल पंप कर्मचारी कुलान निवासी गांव ब्राह्मण माजरा ने बताया कि वह पंप पर रात वाली शिफ्ट में काम करता है। रविवार की रात को एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार आई। उसमें बैठे लोगों ने दो हजार रुपए का पेट्रोल भरवाया। जब कुलान ने पेमेंट मांगी तो कार में से तीन युवक उतरे। दो युवकों ने बोनट चेक करने के बहाने कुलान के दोनों कानों पर रिवॉल्वर तान दी। तीसरे ने पीछे से आकर उसकी जेब से करीब पांच हजार रुपए निकाल लिए। चौथा युवक कार में ही बैठा रहा। इसके बाद सभी बदमाश कार में बैठकर पानीपत की तरफ फरार हो गए।

### ई रिक्शा चालकों से हफ्ता वसुलने का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी की राजेश कॉलोनी निवासी सगीर व शांति कॉलोनी निवासी श्याम लाल पर ई रिक्शा चालकों से हफ्ता वसुलने का आरोप लगा है। पैसे न देने पर आरोपी ई रिक्शा चालकों के साथ मारपीट करते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बाल्मिकी बस्ती जगाधरी निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार को पालन पोषण करता है। उन्होंने जगाधरी ई रिक्शा यूनियन बनाई हुई है। जो बस स्टैंड के पास है।

हिमाचल के कालाअंब में हो रही लगातार बारिश से उफनाई नदी

# मारकंडा नदी का जलस्तर बढ़ा, 23 हजार क्यूसिक बह रहा पानी, हजारों एकड़ फसल हुई जलमग्न

- शाहाबाद खंड के गांव कठवा, गुमटी, कलसाना, मलकपुर, मुगल माजरा और तंगौर में मारकंडा नदी का पानी सड़कें पार कर खेतों तक पहुंच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शाहबाद

हिमाचल के कालाअंब में हो रही लगातार बारिश से मारकंडा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार रात्रि मारकंडा नदी का जलस्तर जहां 18 हजार क्यूसिक का था वही सोमवार दोपहर तीन बजे तक यह 23 हजार क्यूसिक तक पहुंच गया। शाहाबाद खंड के गांव कठवा, गुमटी, कलसाना, मलकपुर, मुगल माजरा और तंगौर में मारकंडा नदी का पानी सड़कें पार कर खेतों तक पहुंच गया है। खेतां में खड़ी हजारों एकड़ फसल पानी में डूब गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने सभी सरपंचों को बाढ़ से निपटने की जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक संसाधनों का प्रबंध सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। खंड अधिकारी द्वारा जारी निदेर्शों में सरपंचों को जेसीबी मशीन, मिट्टी से भरे थैले, रस्सी, बैटरी आदि की व्यवस्था, गांवों में मुनादी करवाने, तथा पंचायत घर, स्कूल, चौपाल और आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली-पानी सहित ठहराव की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं पहाड़ों में चल रही बरसात के कारण मारकंडा नदी में इस समय 23 हजार क्यूजिक पानी की मात्रा दर्ज की गई है। मारकंडा नदी में पानी आने के कारण मारकंडा नदी के किनारे लगता गांव शाहाबाद का रूपनगर, मलिकपुर, गोमती, कलसाना, मामू माजरा, कठुआ और टंगौर प्रभावित होते हैं। इन सभी गांव में मारकंडा नदी का जल गलियों में घूम जाता है। यह हर वर्ष होता है। वही मारकंडा नदी के किनारे बसे मारकंडा बस्ती बाजीगर कॉलोनी में भी पानी भर गया है जिससे मारकंडा कॉलोनी के और बाजीगर कॉलोनी के लोग अपने बच्चों सहित मारकंडा मंदिर में डेरा डाले हुए हैं। मारकंडा नदी में पानी की मात्रा कम होने की संभावना है क्योंकि नाहन और कालाअंब में बरसात कम होने से मारकंडा नदी का जलस्तर कम हो सकता है। शाहाबाद में नदी पर तैनात गेज रीडर रविंद्र ने बताया कि सोमवार शाम 3 बजे नदी में लगभग 23 हजार क्यूसिक पानी बह रहा है।



**शाहबाद।** गांव कठवा में बहता मारकंडा नदी का पानी। फोटो : हरिभूमि



**शाहबाद।** मारकंडा नदी में बह रहा पानी। फोटो : हरिभूमि

## उत्तर भारत की सबसे बड़ी शुगर मिल यमुनानगर में घुसा बारिश का पानी

*मिल के गोदामों में रखी करीब 80 क्विंटल चीनी हुई खराब*

- गोदामों में भरे पानी से मशीनरी को भी नुकसान किया जा रहा आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

उत्तर भारत की सबसे बड़ी सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर के चीनी के गोदामों में सोमवार को हुई तेज बारिश का पानी भरने से करीब 80 हजार क्विंटल चीनी खराब हो गई। गोदाम में दो लाख 20 हजार क्विंटल चीनी थी। चीनी के अलावा पानी भर जाने के कारण मशीनरी भी क्षतिग्रस्त हुई है। समाचार लिखे जाने तक नुकसान का आंकलन किया जा रहा था। फिलहाल नुकसान करोड़ों में बताया जा रहा है। शुगर मिल प्रशासन का आरोप है कि पास से गुजर रहे नाले के ओवरपफ्लो होने के कारण गोदामों में पानी घुसा है। सरस्वती शुगर मिल के चीफ एक्जीक्यूटिव आफिसर एसके सचदेवा ने बताया कि यमुना सिंडीकेट के पास चीनी के गोदाम हैं। गोदामों के पास से ही नाला गुजर रहा है। सोमवार तड़के दो बजे से हो रही तेज बारिश के कारण नाला ओवरफ्लो हो गया। नाले पर निर्माण होने के कारण भी निकासी बाधित हुई। ऐसे में यहां पानी जमा होता चला गया और शटर के नीचे से गोदामों के अंदर घुसता चला गया। गोदामों के अंदर करीब चार चार फुट पानी जमा हो गया। जैसे ही इसकी जानकारी मिल प्रशासन को मिली तुरंत पानी की निकासी का इंतजाम किया। पानी निकालने के लिए सुबह से शाम तक दो पंप चलते रहे। नाले में कचरा भरा होने के कारण ओवरफ्लो हुआ है। सुबह तक भी यहां भारी मात्रा में कचरा फैला हुआ देखा गया।



**यमुनानगर।** शुगर मिल के गोदामों में घुसे पानी को पाइप द्वारा निकालते हुए मिल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



**यमुनानगर।** मिल के गोदामों के जिल नाले के ओवरफ्लों होने से घुसा बारिश का पानी की सफाई करते निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## फर्नीचर शोरूम में नाले का पानी घुसा, निकासी न होने पर दुकानदार ने आत्मदाह की कोशिश की

*लोगों ने रोका, पंचायत पर लगाए नालों की सफाई न करवाने के आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मुलाना

कस्बे में पिछले दो दिन से भारी बारिश जारी है। इसके चलते कई जगहों पर पानी जमा है। यहां स्थित एक फर्नीचर के शोरूम की बनी बेसमेंट में सोमवार को जलभराव होने से बवाल हो गया। माता बाला सुंदरी मंदिर मैदान के सामने बने इस शोरूम के बेसमेंट में नाले का पानी भर जाने से दुकानदार का ग़ुस्सा फूट पड़ा। उसने पंचायत पर गंभीर आरोप लगाते हुए बीच सड़क पर अपने ऊपर डीजल छिड़कते हुए आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने समय रहते उसे बचा लिया। अन्यथा यहां बड़ा हादसा हो सकता था। दुकानदार सुमेर चंद उर्फ काका धीमान ने पंचायत और प्रशासन पर सफाई व्यवस्था व पानी निकासी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बताया कि बारिश का पानी उसके शोरूम के बेसमेंट में भर गया है। इसकी वजह से उसका लाखों का माल खराब हो गया है। उसने बताया कि पानी की वजह से उसे अढ़ाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानदार ने कहा कि उस की बेसमेंट 20 साल पुरानी है। पहले कभी ऐसी स्थिति पैदा नहीं हुई । उसका आरोप है कि कई बार पंचायत को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। नम आंखों से दुकानदार ने कहा कि उसने बार-बार पंचायत से सफाई की गुहार लगाई लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी।



**मुलाना।** खुद पर तेल डालकर आग लगाने की कोशिश करता दुकानदार।

### सफाई का कार्य कराया जा रहा: सरपंच प्रवीण कुमार

दुकानदार ने पंचायत पर आरोप लगाते हुए कहा कि नालों की समय पर सफाई नहीं की जाती। पानी की निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। उनकी शिकायतों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। उधर सरपंच प्रवीण कुमार ने बताया कि दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। पूरे गांव में सफाई का कार्य कराया जा रहा है। बरसाती पानी से बचाव के लिए मारकंडा नदी पर भी कार्य चल रहा है। दुकानदार की समस्या का भी समाधान किया जा रहा है।

*सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड उपाध्याक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा*

## सरस्वती नदी पर झांसा रोड से पिपली तक 6 किमी में 30 करोड़ रुपये से होगा दीवार का निर्माण

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयास से सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार का चल रहा है कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड उपाध्याक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी पर झांसा रोड से पिपली तक करीब छह किलोमीटर में 30 करोड़ रुपये से दीवार का निर्माण किया जाएगा। मौजूदा समय में इस नदी की क्षमता 200 क्यूसिक है, जो दीवार के बनने के बाद 500 क्यूसिक तक पहुंच जाएगी। सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड उपाध्याक्ष धूमन सिंह किरमच सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, जिला अध्यक्ष तिजेंद्र गोल्डी, मां भद्रकाली शक्तिपीठ के मुख्य पुजारी सतपाल के साथ सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार का शुभारंभ किया। सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड उपाध्याक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती हमारे शहर कुरुक्षेत्र की जीवन धारा है। इस नदी की एक साइड पक्की बनी हुई है, जबकि दूसरी साइड कच्ची रहती थी। जो कई प्रकार की समस्याओं का कारण बने हुए थी। उन्होंने बताया कि कच्ची वॉल वाली साइड समय-समय पर टूट जाती थी। पिछले 3 सालों से सरस्वती में पानी छोड़ा गया था। कई जगहों पर रास्ता भी काफी कम रहता है। जिस वजह से इसकी क्षमता भी कम रहती थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयास से सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। सरस्वती नदी हमसब सांझी है। इसके लिए सबके सहयोग की जरूरत है। सरस्वती में निर्माण कार्य चल रहा है।



**कुरुक्षेत्र।** एक कार्यक्रम में भाग लेते सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड उपाध्याक्ष धुमन सिंह किरमच।

## इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर ने तीन युवतियों की न्यूड वीडियो बनाई

*सोशल मीडिया पर डाली, लड़कियों से रुपये मांगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत जिले में निवास कर रही तीन युवतियों की फोटो और वीडियो को एआई व डीपफेक तकनीक से अश्लील बना का सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। वहीं तीनों युवतियां इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर है। तीनों युवतियों को उनके फॉलोअर्स ने इसके बारे में जानकारी दी। तीनों युवतियों ने वीडियो देखी और उन्हें पोस्ट करने वाली इंस्टाग्राम आईडी वाले से बात की तो उसने अश्लील वीडियो हटाने के बदले रुपये मांगने शुरू कर दिए। युवतियों का कहना है कि उनकी फोटो और वीडियो को एआई व डीपफेक तकनीक से अश्लील बना दिया गया। वहीं तीनों युवतियों ने पानीपत पुलिस की साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी हिसार का रहने वाला है। वहीं पुलिस की जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता युवतियों में एक विवाहित भी है। जिससे आरोपी ने धमकी देकर इंस्टाग्राम पर उसकी बीस ओरिजिनल वीडियो भी डिलीट करवा दीं। तीनों के करीब दो लाख फॉलोअर्स हैं। इधर, पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि मैसेज करने के बाद ही साइबर क्रिमिनल ने उसकी वीडियो डिलीट नहीं की। इसके बाद क्रिमिनल ने उसकी सहेली को मैसेज किया कि अगर तेरी दोस्त की वीडियो डिलीट करनी है तो छह हजार रुपये दे दे। रुपये देने पर वह उसकी वीडियो डिलीट कर देगा। इसके बाद उसने दो बार कोड भी भेजे। इस पर उसने दोनों बार कोड पर अपने खाते से एक-एक रुपया भेजा। इन बार कोड की जांच-पड़ताल की तो ये हिसार के हांसी जगह के होने के मिले हैं। दूसरी ओर, पानीपत के साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की शिकायत पर जांच शुरू कर दी।

**कुवि में पेपर** | प्रवेश परीक्षा में कुल 145 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था

## कुवि में 90 फीसदी परीक्षार्थियों ने दी एमपी एड व पर्यावरण अध्ययन की परीक्षाएं

*ओएमआर आधारित शीट पर ही सभी अभ्यर्थियों से प्रवेश परीक्षा आयोजित की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नए सत्र में दाखिले को लेकर चल रही प्रवेश परीक्षा में सोमवार को 90 फीसदी परीक्षार्थियों ने विभिन्न कोर्सेज को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज की। सोमवार को एम.पी.एड व एमए. पर्यावरण अध्ययन कोर्स को लेकर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 130 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में कुल 145 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया जो कि प्रवेश पत्र एडमिशन पोर्टल से डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि केयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा-निदेर्शानुसार प्रवेश परीक्षा के लिए केयू कैम्पस के अंदर ही विभिन्न विभागों व संस्थानों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है ताकि दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थियों व उनके स्वजनों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त परीक्षाओं की निष्पक्षता के लिए सभी केन्द्रों की वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्रों पर अधीक्षकों व र्प्यवेक्षकों की तैनात की गई है। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि विभिन्न कोर्सिज के अभ्यर्थियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए विश्वविद्यालय एडमिशन सेल में हैल्प डेस्क स्थापित किया गया है तथा संबंधित विभागों की ई-मेल आईडी व मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे एम.पी.एड की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में 95 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया जिसमें 93 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। परीक्षा के लिए कम्युनिटी सेंटर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया जबकि दोपहर सत्र में 12.30 बजे एम.ए. पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सम्पन्न हुई जिसमें 50 में से 37 परीक्षार्थियों की परीक्षा संचालित हुई। उन्होंने बताया कि ओएमआर आधारित शीट पर ही सभी परीक्षार्थियों से प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है जिसमें परीक्षा के तुरंत पश्चात सही उत्तर-कुंजी को वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है ताकि परीक्षार्थी अपने उत्तर का सही ढंग से मिलान कर सकें। उन्होंने बताया कि 23 जून से शुरू हुई इन प्रवेश परीक्षाओं में अभी तक किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं पाई गई, सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सतर्कता दिखाते हुए परीक्षाओं का सफल संचालन किया है।



**कुरुक्षेत्र।** कुवि में परीक्षा देते परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आज

**यमुनानगर।** विद्युत निगम द्वारा प्रत्येक मंगलवार को अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर शिविर लगाया जाएगा। जिसमें बिजली संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि आम उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायत निवारण हेतु बिजली अदालत सर्कल स्तर यमुनानगर पर विभाग द्वारा गठन किया गया है। प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक अधीक्षक अभियंता उत्तर हरियाणा परिमंडल के कार्यालय में उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया जाएगा। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान की अपील की।

## सुनील कुमार बने शिवसेना के जिला प्रमुख

**यमुनानगर।** शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे के प्रदेशाध्यक्ष हरकेश शर्मा ने शहर की जम्मू कॉलोनी निवासी सुनील कुमार को जिला यमुनानगर का प्रमुख बनाया बनाया गया है। सुनील कुमार ने उन्हें जिला प्रमुख बनाए जाने पर प्रदेशाध्यक्ष हरकेश शर्मा का आभार जताया है। नवनियुक्त जिला प्रमुख सुनील कुमार ने बताया कि पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हरकेश शर्मा व हाईकमान ने उन पर जो विश्वास जताया है। वह उनके विश्वास को संगठन को मजबूत करके पूरा करेंगे और अपनी जिम्मेवारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह प्रदेश अध्यक्ष हरकेश शर्मा से विचार विमर्श करके जिला कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, संजय राउत व प्रदेशाध्यक्ष हरकेश शर्मा सहित सभी सीनियर नेताओं का आभार प्रकट किया।



सुनील कुमार, नवनियुक्त जिला प्रधान।







### तीन दिन से पहाड़ी व मैदानी इलाकों में हो रही बारिश सोमवार को भी रही जारी

# बारिश बनी आफतः नीचले इलाकों में भरा पानी, फसलें भी जलमग्न

**बरसात से बरसाती नदियां उफान पर,सैंकड़ो एकड़ में खड़ी फसलों में भरा पानी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

पहाड़ी व मैदानी इलाकों में पिछले तीन दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश सोमवार को भी जारी रही। सोमवार को तेज बारिश होने से यमुनानगर के नीचले इलाकों में पानी भर गया और बरसाती नदियों में जलस्तर बढ़ने से सैंकड़ों एकड़ में पानी भरने से फसल में नुक्सान होने की संभावना बन गई। किसानों की मानें तो यदि बारिश जारी रही तो खेतों में पहले से भरे पानी से फसलों के नष्ट होने की आशंका है। वहीं, सोमवार को तीसरे दिन भी बारिश होने से जिले के तामपान में गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार को तीसरे दिन भी जिले में अर्धरात्रि से बारिश शुरु हो गई और यह दोपहर तक रुक रुक कर होती रही। बारिश होने से शहर के पुराना हमीदा समेत आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों के नीचले इलाकों में स्थित घरों व गलियों में पानी भर गया।



**यमुनानगर।** बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते हुए व निचले इलाकों में भरे पानी में से गुजरते लोग।

### ...तो फसलों को नुकसान

बाढ़ प्रभावित इलाके के किसान संदीप कुमार, सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, जयपाल, रोहित व मनोज आदि ने बताया कि यदि पहाड़ी व मैदानी इलाकों में बारिश इसी तरह जारी रही तो बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारी नुक्सान होने की संभावना है। उन्होंने जिला प्रशासन से बाढ़ बचाव के पुख्ता प्रबंध किए जाने की मांग की।

### खेतों में घुसा पानी

पहाड़ी और मैदानी इलाकों में पिछले तीन दिन से हो रही बारिश के कारण साढ़ौरा की बरसाती नकटी नदी की पटरी टूटने से कई गांवों के खेतों व नीचले इलाकों में पानी भर गया। पहाड़ों में हो रही बारिश के चलते पथराला व सोमनदी में जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी है। इन दोनों नदियों में चल रहे जलस्तर के उतार चढ़ाव से बाढ़ प्रभावित कई गांव के ग्रामीणों में बाढ़ आने की आशंका सताने लगी है। वहीं, छछरौली इलाके में बरसाती नदियों के उफान पर आने से लोगों के खेतों, रास्तों व सड़कों पर पानी भरने से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

### तापमान गिरा

सोमवार को जिले में तीसरे दिन भी बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सिय व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में गिरावट से अधिकतम व न्यूनतम तापमान का अंतर भी घटकर करीब पांच डिग्री ही रह गया। जिससे दिन में उमस के चलते मौसम में आई तब्दीली ने मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है।

### अव्यवस्थाः अधूरे पड़े विकास कार्यों से रादौरा निवासी परेशान

**रादौर।** मानसून की बारिश ने रादौर में अधूरे पड़े विकास कार्यों की पोल खोल कर रख दी है। नगरपालिका के अधूरे कार्यों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जिसको लेकर लोगों में भारी रोष है। छिंबी मोहल्ला निवासी मनीष, शेर सिंह, नीरज, संयम, प्रदीप, कमलेश, कर्ण आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष से पुल से पक्के घाट तक सड़क बनाने का ठेका दिया हुआ है।

कार्य छह महीने में पूरा किए जाने के दावे किए जा रहे थे। कृषि मंत्री ने भी सड़क छह महीने के अंदर-अंदर बनाए जाने का दावा किया था। लेकिन डेढ़ वर्ष बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। आधी अधूरी सड़क के कारण बरसात का पानी नीची गलियों में इकट्ठा होकर लोगों के घरों में जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। वहीं पानी की निकासी का एक कारण नगरपालिका द्वारा अंडरग्राउंड पाइप लाइन की साफ-सफाई न करवाना भी है। जब ठेकेदार को बरसाती पानी घरों में जाने के बारे में बोला गया तो उसने उनके खुद के घरों में भी पानी घुसने की बात कहकर मामले को दरकिनार कर दिया। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि प्रशासन ने जो अंडरग्राउंड पाइपलाइन डाली है, उसको साफ करवाया जाए।



## मेयर ने किया निर्माणाधीन शहीद भगत सिंह चौक का निरीक्षण अधिकारियों को दिए निर्देश



**यमुनानगर।** अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन शहीद भगत सिंह चौक का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। *फोटो: हरिभूमि।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

- भगत सिंह चौक के नवीनीकरण पर खर्च होंगे 15 .65 लाख।

नगर निगम द्वारा 15.65 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन शहर के भगत सिंह चौक का सोमवार को मेयर सुमन बहमनी ने निरीक्षण किया। उनके साथ निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल, पार्षद मनु शर्मा व भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण सिंगलाए कनिष्ठ अभियंता नरेंद्र गुंदल, शक्ति केंद्र प्रमुख जतिन खेतरपाल व युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश राजपूत आदि मौजूद रहें।

निरीक्षण के दौरान मेयर सुमन बहमनी ने चौक के नवीनीकरण का डिजाइन एवं नक्शा देखा। साथ ही एजेंसी व अधिकारियों को चौक का व्यवस्थित ढंग से निर्माण कराने के निर्देश दिए। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौक का निर्माण इस ढंग से हो कि मार्गों पर जाम की स्थिति व हादसे न हो। निरीक्षण के दौरान निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल ने मेयर सुमन बहमनी व अन्य को नए चौक का डिजाइन दिखाया। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा करीब 15.65 लाख की लागत से इस चौक का नवनिर्माण किया जा रहा है। नया चौक सुंदरए भव्य और आकर्षक होगा। चौक ग्रेनाइट व लाल बलुआ पत्थर से चमकेगा। यह चौक अब सात मीटर की परिधि में गोलाई में बनाया जा रहा है। चौक की नींव भरकर ईंटों से गोलाई रूप दिया जा रहा है। चौक के चारों ओर लाल बलुआ पत्थर लगाया जाएगा। बीच में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा के नीचे व चारों तरफ ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा। वहीं, शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के ऊपर पत्थर की झोपड़ी नुमा छतरी तैयार की जाएगी।

चारों तरफ पारदर्शी शीशे लगाए जाएंगे। जिससे शहीद भगत सिंह की प्रतिमा सभी को दिखाई दे। प्रतिमा तक जाने के सीढ़ियां बनाई जाएंगी। ताकि शहीदी दिवस पर उनकी प्रतिमा पर फूलों के हार चढ़ाए जा सकें। चौक को डेकोरेटिव एलईडी लाइट लगाई जाएगी। जिससे रात के समय चौक का भव्य व सुंदर नजारा नजर आए। चौक के नवीनीकरण से यहां से निकलने वाले लोगों को और भी आकर्षक और सुविधाजनक माहौल मिलेगा।

## करियाना की दुकान से नकदी व सामान चोरी

- चोरों ने 28 जून की रात दिया वारदात को अंजाम, केस दर्ज

**यमुनानगर।** दुर्गा गार्डन जगाधरी निवासी राहुल ने बताया कि उसकी कॉलोनी में ही करियाना की दुकान है। वह 28 जून को रात 10 बजे दुकान बंद करके घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर गया तो उसे दुकान का पाइप टूटा मिला। जब वह दुकान खोलकर अंदर गया तो सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान से सात हजार रुपये, 30 सिगरेट की डिब्बी, सात साबुन सेट, चार कोल्ड ड्रिंक की बोतलें व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अध्यापक व स्कूल लेक्चर एसो. ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ व हरियाणा स्कूल लेक्चर एसोसिएशन ने मांगो को लेकर सोमवार को डीसी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिलास्तर पर नियुक्त किए गए बीएलओ की नियुक्ति संबंधी समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की।

सोमवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ व हरियाणा स्कूल लेक्चर एसोसिएशन के सदस्य संयुक्त रुप से हसला के जिला महासचिव सुशील धीमान व अध्यापक संघ जिला प्रधान संजय कांबोज और राज्य के उपप्रधान राकेश धनखड़ के नेतृत्व में जिला सचिवालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जिले के सभी बीएलओ को बिना सोचे समझे ही एक साथ बदल दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिस बूथ के अध्यापक मतदाता हैं उसी बूथ पर उन्हें बीएलओ बना दिया गया है। जो कि न केवल प्रशासनिक दृष्टि से गलत व अव्यवहारिक है। बल्कि न्यायसंगत भी नहीं है। जिससे अध्यापकों में भारी रोष है। अध्यापकों पर पहले ही इतना गैर शैक्षणिक बोझ डाला हुआ है। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर बूरा असर पड़ रहा है। मौके पर अध्यापक संघ वरिष्ठ नेता राम नरेश व हसला के खंड प्रधान मंदीप सैनी ने कहा की अधिकांश अध्यापकों की ड्यूटी बिना सोचे समझे उनके गांव के पोलिंग बूथ पर लगा दी है। जिससे उन्हें आपसी रंजिश होने का डर सता रहा है। बीएलओ की नियुक्ति चुनाव आयोग के दिशा निर्देश अनुसार अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की कम से कम लगाई जाने की अपील की। डीसी ने उनकी मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर सुनील कुमार, राजिंदर, कमल किरण व अध्यापक संघ से दिनेश तंवर, प्रीतम बालियान, वीरेंद्र कुमार, राजेश कांबोज व सुखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



लेक्चरर एसोसिएशन।



पत्रकारों से बातचीत करते संघ के राज्य महासचिव व अन्य पदाधिकारी।

### कर्मचारी संघ नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेगा भाग

यमुनानगर। प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को लागू नहीं किया। जिससे कर्मचारियों में रोष है। इसी रोष स्वरूप सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य नौ जुलाई को होने वाली राष्ट व्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। यह कहना है सर्व कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव नरेश कुमार का। सोमवार को प्रदेश सचिव मांगे राम तिगरा व जिला प्रधान महिपाल सौदे ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने से मना ही कर दिया है। ओपीएस बहाल करने व अन्य मांगों को लेकर नौ जुलाई कि राष्टीय हड़ताल की एक अति महत्वपूर्ण मांग है। सर्व कर्मचारी संघ पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हड़ताल में बढचढ़ कर भाग लेगा। सरकार सामूहिक रूप से संगठित आंदोलन करने तक के अधिकार को ही कुचलने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मौजूदा केंद्र व राज्य सरकार कर्मचारीयों, किसानों, मजदूरों के हितों के साथ लंबे समय से कुठाराघात करके उनके हितों पर डाका डालने का काम कर रही है।

## 31 जुलाई तक चलेगा डायरिया मुक्त अभियान

**यमुनानगर।** डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग जिले में 31 जुलाई तक डायरिया मुक्त भारत अभियान चलाऐगा।। जिसका उद्देश्य बच्चों व वयस्कों में दस्त व डायरिया से बचाव व रोकथाम करना है। अभियान के तहत घर-घर जाकर ओआरएस व जिंक का वितरण किया जाएगा। सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि डायरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोके जाने योग्य रोग है। गर्मी और बरसात के मौसम में इसके मामले बढ़ जाते हैं। यदि समय रहते सही उपचार व बचाव करें तो इससे जान बचाई जा सकती है। घोल व जिंक की गोलियों का प्रयोग डायरिया के इलाज में बेहद प्रभावी है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां निशुल्क वितरित की जाएंगी। डॉ. पुनीत कालरा ने बताया कि अभिभावकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे साफ पानी पीएं, खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथ धोएं।



**यमुनानगर।** गांव घेसपुर में शिविर के समापन पर मुख्यातिथि एवं सरपंच कृष्णा देवी को सम्मानित करते स्वयंसेवी संस्था के पदाधिकारी।

### स्वयं का रोजगार कर आत्मनिर्भर बनें महिलाएं

**रादौर।** स्वयंसेवी संस्था नीलगिलरी ने गांव घेसपुर में महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन पर मुख्यातिथि के रुप में घेसपूर की सरंपच कृष्णा देवी ने भाग लिया। मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। सरपंच कृष्णा देवी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं स्वावलंबी बन सकती हैं। वह स्वयं का कामधंधा करके स्वोरोजगार कर सकती हैं और दूसरों को भी काम दे सकती हैं। सरपंच कृष्णा देवी ने बताया कि गांव में महिलाओं के लिए किसी भी प्रकार का कोई प्रशिक्षण केंद्र नहीं होता है। जिस कारण ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए शहर का रुख करना पड़ता है। अब प्रशिक्षण केंद्र की सुविधा गांव की महिलाओं को गांव में ही मिल रही है। जिस कारण गांव में ही महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन रही है। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि एवं सरपंच कृष्णा देवी को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कमल कुमार ने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने के लिए नीलगिलरी स्वयंसेवी संस्था के पदाधिकारियों की सराहना की।

## युवक दुकान से पैसों से भरा बैग चुरा ले गया

**यमुनानगर।** शहर की फ्रेंडस कॉलोनी में एक युवक ने दुकान में घुसकर पैसों से भरा बैग चोरी कर लिया। बैग में साढ़े 15 हजार रुपये थे। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की फ्रेंडस कॉलोनी निवासी राहुल पुरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही दुकान है। उसने दुकान में हुक पर एक काले रंग का बैग टांगा हुआ था। जिसमें उसने साढ़े 15 हजार रुपये रखे हुए थे। वह रविवार को सुबह आठ बजे दुकान खोलकर किसी काम से बाहर चला गया। जब वह वापस दुकान पर आया तो दुकान से हुक पर टंगा काले रंग का बैग गायब मिला। जांच करने पर उसे पता चला कि गांव धौलरा निवासी योगेश ने उसकी दुकान में घुसकर बैग चोरी किया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# शिविर में जांचा 102 लोगों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

भारत विकास परिषद शाखा रादौर के तत्वावधान में कस्बा के डॉ. भीमराव अंबेडकर नगर वाल्मीकि बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य और हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई और उन्हें एनीमिया के बारे में जानकारी दी गई।

परिषद के अध्यक्ष ललित भाटिया ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य एवं हीमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य एनीमिया के प्रति लोगों को जागरुक करना और उनके स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निरोग जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा 102 लोगों के स्वास्थ्य और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। उन्होंने बताया कि इस जांच के दौरान 40 लोगों का हीमोग्लोबिन स्तर 6 से 9 पाया गया जो सामान्य से कम था। इन लोगों को उचित दवाई, गुड़, चना एवं खानपान के बारे में जानकारी दी गई। परिषद के अध्यक्ष ललित माटिया ने बताया कि एनीमिया एक गंभीर समस्या है। जो शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण होती है। यह समस्या महिलाओं व बच्चों में अधिक पाई जाती है। भारत विकास परिषद इस समस्या के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिविर में डॉ. बिमल गर्ग, लैब तकनीशियन रवि आदि की टीम ने अपनी सेवाएं दी। मौके पर विनोद गर्ग, राजकुमार पुजारा, दीपक मित्तल, सोम चोपड़ा, संजय बंसल, नीतू चोपड़ा, मीना माटिया व नीलम सचदेव आदि मौजूद रहे।




**यमुनानगर।** अंबेडकर नगर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं हीमोग्लोबिन जांच शिविर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

### जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम का किया आयोजन

# गुरु कृपा के बिना वास्तविक सुख मिलना असंभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को गुरू कृपा की महिमा समझाया। मौके पर साध्वी वंशिका भारती व अन्य साध्वी बहनों ने संकीर्तन कार्यक्रम में भजनों के माध्यम से गुरूवर व प्रभु का गुणगान कर साध संगत को भाव विभोर कर दिया।

साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि हम अपने जीवन में सुखी रहने के लिए कितने ही प्रयास करते हैं । लेकिन आजीवन क्षणिक सुख रूपी भ्रम में फंसकर वास्तविक सुख से वंचित रह जाते हैं। क्योंकि जिसे आज हम सुख की संज्ञा देते हैं वह केवल सुख की छाया मात्र है। जीवन में गुरु कृपा की अनुभूति किए बिना वास्तविक सुख का अनुभव होना असंभव है । क्योंकि जिन सांसारिक सुखों की प्राप्ति हेतु हम अपना पूरा जीवन लगा देते हैं। वह सुख तो गुरू कृपा के द्वारा एक क्षण में ही शिष्य की झोली में आ गिरते हैं। साध्वी वंशिका भारती ने कहा कि गुरु कृपा के बिना मानव जीवन उस सूखे वृक्ष जैसा है जिसका अस्तित्व सदैव रूखा सूखा ही रहता है। वह आकाश जो हमारे अंतर घट में स्थित है। गुरु के सानिध्य में जाकर जब हम अपने मन वचन कर्म को गुरु के महान एवं दिव्य आदर्शों में ढालते हैं तभी हमारे मन और मस्तिष्क के विचार सुंदर होते हैं। तब हमें वास्तविक सुख से जुड़ने की विधि मिलती है और गुरूकृपा के द्वारा मिला सुख सदैव शाश्वत व चिरस्थायी होता है जो अपने साथ शान्ति, वैभव व संपदा आदि लौकिक व पारलौकिक उपलब्धियों को लेकर आता है। गुरु कृपा केवल बाहर से प्राप्त हुआ कोई आशीर्वाद या वरदान नहीं है। बल्कि यह तो गुरु का सहज रूप से शिष्य पर लुटाया गया वह दिव्य प्रसाद है जो गुरू अपने शिष्य के सच्चे पुरुषार्थ और समर्पण भाव से रीझ कर उस पर लुटाते हैं। गुरु के तप और त्याग का बल इतना सामर्थ्य शाली होता है । जो शिष्य के सभी कर्म संस्कारों को क्षण भर में ही दग्ध करके उसे जनम मरण के चक्रव्यूह से सदा के लिए मुक्त कर सकता है। मनुष्य स्वयं के प्रयास के द्वारा कितने ही जन्म तपस्या में क्यों ना लगा दे फिर भी उस तप के फल की तुलना गुरु कृपा से मिली संपदा से कदापि नहीं की जा सकती है। क्योंकि गुरू कोई साधारण मानवीय देह में सिमटी हुई शक्ति नहीं है। क्योंकि वह स्वयं उस निराकार परमपिता परमात्मा का साकार स्वरूप है जो मानव जाति के कल्याण हेतु हर युग में धरा पर आता है। सत्संग कार्यक्रम के दौरान साध्वी बहनों ने भाव पूर्ण भजनों का गायन किया। जिन्हें श्रवण कर भक्तजन भाव विभोर हो उठे।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तनमें गुरू की महिमा बताते हुए साध्वी भारती व श्रवण करती साध संगत।

## खबर संक्षेप



### दक्ष प्रजापति जयंती समारोह 10 को

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति कुम्हार धर्मशाला कुरुक्षेत्र में गुरु दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। भारतीय प्रजापति हीरोज आगेर्नाईजेशन (पंजीकृत) संगठन भी इस जयंती समारोह में बढ़चढ़ कर भाग लेगा और तन, मन, धन से सहयोग करेगा। धर्मशाला के प्रधान पवन कुमार कानूनगो ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रसिद्ध समाजसेवी राम कुमार प्रजापति भुसलाना वाले समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### श्रीगुरु रविदास मंदिर में सत्संग का आयोजन



**लाडवा।** लाडवा के श्रीगुरु रविदास मंदिर में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ गुरु रविदास की आरती से किया। इस सत्संग में श्रीमती सुरजीत कौर जलबेड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कहा कि हमें गुरु रविदास जी के वाणी से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए।

### एक जुलाई से खुलेगा कुवि का स्विमिंग पूल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अनुमति से छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए एक जुलाई से स्विमिंग पूल खोलने की अधिसूचना निदेशक, शारीरिक शिक्षा एवं खेल द्वारा जारी की गई है। इससे तैराकी का अभ्यास करने वाले तैराकों को स्विमिंग पुल की सुविधा का लाभ मिलेगा। खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि स्विमिंग करने के इच्छुक लोग कार्यालय समय (दोपहर में) के दौरान खेल निदेशालय से सदस्यता के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### रोटरी क्लब पिहोवा को मिला बेस्ट एक्सीलेंट क्लब अवार्ड



**पिहोवा।** एक भव्य समारोह में रोटरी क्लब पिहोवा को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जोनल-10 का बेस्ट एक्सीलेंट रोटरी क्लब अवार्डह्न प्रदान किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी डिसिट्रक्ट गवर्नर राजपाल सिंह ने क्लब के अध्यक्ष दीपक बावेजा को बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया। अवार्ड प्राप्त करने के उपरांत प्रेसिडेंट दीपक बावेजा ने कहा यह सम्मान न केवल मेरा व्यक्तिगत पुरस्कार है, बल्कि पूरे क्लब की टीम भावना, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

## उपायुक्त नेहा सिंह ने केडीबी के पहले पर्यटन सूचना केंद्र का किया शुभारंभ

# अब एक छत के नीचे मिलेगी कुरुक्षेत्र के तीर्थ और पर्यटन स्थलों की सूचना

### उपायुक्त ने सूचना केन्द्र में बनाए हस्तशिल्प केन्द्र, कैफेटेरिया सहित अन्य कक्षों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी कुरुक्षेत्र के पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों की तमाम सूचनाएं, इतिहास की सूचना अब कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पर्यटन सूचना केन्द्र में मिल पाएगी। इस पर्यटन सूचना केन्द्र को अब पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार आगामी 3 माह में सभी पर्यटन सूचना केन्द्र शुरू कर दिए जाएंगे और ज्योतिसर गीता स्थली, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी पर्यटन सूचना केन्द्र खोलने की योजना है। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार को अर्जुन चौक पर स्थित कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पर्यटन सूचना केन्द्र के उदघाटन समारोह में बोल रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, केडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया ने मंत्रोच्चारण के बीच केडीबी के पहले पर्यटन सूचना केन्द्र का उदघाटन किया। इसके उपरांत उपायुक्त नेहा सिंह ने सैल्फ हैल्प गुरप द्वारा पर्यटन सूचना केन्द्र में बनाए गए हस्त शिल्पी कक्ष, कैफेटेरिया, डिजिटल डाक्यूमेंट्री कक्ष, पर्यटन विश्राम केन्द्र के साथ-साथ अन्य कक्षों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उपायुक्त नेहा सिंह ने केडीबी की तरफ से देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए एक विशेष बॉक्स में ब्रह्मसरोवर का जल, पवित्र ग्रंथ गीता, ज्योतिसर के वट वृक्ष का पत्ता और प्रसाद आदि शामिल है,के वितरण की प्रक्रिया का आगाज किया। यह बॉक्स केडीबी की तरफ से महज 230 रुपए की दर से उपलब्ध करवाया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** सूचना केन्द्र में बनाए हस्तशिल्प केन्द्र का अवलोकन करती उपायुक्त नेहा सिंह। फोटो : हरिभूमि

### शेष पर्यटन सूचना केन्द्र भी किए जाएंगे शुरू

*उपायुक्त नेहा सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार पहले पर्यटन सूचना केन्द्र को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। इस शहर में केडीबी की तरफ से तैयार किए गए सभी पर्यटन सूचना केन्द्रों को आगामी 3 माह में शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और गीता स्थली ज्योतिसर में भी पर्यटन सूचना केन्द्र खोलने की योजना है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए केडीबी के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि इस पर्यटन सूचना केन्द्र में देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के तमाम दिक्कतों का समाधान करते हुए गाइड, 48 कोस के तीर्थों की जानकारी, महाभारत कालीन पर्यटन स्थल, डिजिटल कक्ष में महाभारत पर आधारित डाक्यूमेंट्री सहित विश्राम गृह, रेलवे व हवाई जहाज टिकट की बुकिंग सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन सूचना केन्द्र के माध्यम से पर्यटकों को एक ही छत के नीचे तमाम सुविधाएं मिल पाएंगी। इस सूचना केन्द्र से पर्यटकों को 9वीं व 11वीं शताब्दी में उत्खन्न से मिली प्राचीन मूर्तियों को रैपिलिका का भी दी जाएगी। इससे कुरुक्षेत्र के अध्यात्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन और तीर्थ स्थलों के बारे में देश, विदेश से आने वाले पर्यटक सहजता से जान सकेंगे।*

### सूचना केन्द्र से मिलेगी तमाम जानकारी

*केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि पर्यटन सूचना केन्द्र पर्यटकों के लिए वरदान साबित होगा। इस सूचना केन्द्र में पर्यटक 2-3 घंटे बीता सकेगा और कुरुक्षेत्र के बारे में हर प्रकार की जानकारी मिल पाएगी। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र की यादगार प्रसाद के रूप में भी अपने साथ ले जा सकेंगे। इसके लिए एक विशेष बॉक्स तैयार किया गया है। केडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार पर्यटन सूचना केन्द्र में केडीबी की तरफ से तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। यह सूचना केन्द्र एक आकर्षण का केन्द्र बनेगा। इसमें कंटीन की भी सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर केडीबी सदस्य अशोक रोसा, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन परमजीत सिंह, बलवान, वाह फाउंडेशन से जसबीर आदि उपस्थित थे।*

## पीएनबी अधिकारियों ने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** नारेबाजी करते बैंक अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बैंक की तिमाही क्लोजिंग के दिन ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के आह्वान पर पंजाब नैशनल बैंक के चंडीगढ़ जोन के सभी सर्कलों में सर्कल ऑफिसों के सामने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में सर्कल ऑफिस, कुरुक्षेत्र के सामने बैंक अधिकारियों ने कार्यालय समय के बाद बैंक मैनेजमेंट की तानाशाही व दमनकारी नीतियों के खिलाफ धरना, प्रदर्शन व जोरदार नारेबाजी की। ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स एसोशिएशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी व कुरुक्षेत्र के सर्कल सेक्रेटरी राय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा यह आंदोलन 28 मई से चल रहा है। हमने इसी तरह 18 जून को चंडीगढ़ जोन के सभी सर्कल्स में प्रदर्शन किया था। उन्होंने बताया कि एजीटेशन के अंतर्गत चंडीगढ़ जोन के सभी सर्कल्स में वर्क टू रूल पर चलते हुए अतिरिक्त सहयोग बंद किया हुआ है जिसके चलते पिछले एक माह से शाम को ठीक 5 बजे ब्रांच/कार्यालय बंद हो जाते हैं और कोई भी अधिकारी अवकाश के दिन मैनेजमेंट के बुलावे पर ड्यूटी पर नहीं आता।

### बरसात का मौसम पौधे लगाने का अच्छा समय

**कुरुक्षेत्र।** यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर अनुसंधान विकास केंद्र के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने बताया कि आज कल पौधे लगाने चाहिए क्योंकि बरसात का मौसम है। इसलिए हमें अपने दादा-दादी, माता-पिता और शहीदों महापुरुष के नाम हर वर्ष पौधा लगाया जाना चाहिए और उनका रखरखाव करना चाहिए। यह संदेश दिया कि हमें कभी भी मौका मिला तो पेड़ पौधे लगाने चाहिए और उनका रखरखाव भी करना चाहिए। हमें प्रकृति से प्रेम करना चाहिए। इस मौके पर प्रदीप शर्मा, सुखराज भट्टी, संदीप लुथरा, नरेश वर्मा, राजेन्द्र ग्रोवर, सचिन पाल मौजूद रहे।



## 85 लोगों की जांच व 15 के किए मुफ्त टेस्ट

- स्योंसर पहुंची नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

लोगों के स्वास्थ्य की घर द्वार पर ही जांच करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मेडिकल वैन सोमवार को गांव स्योंसर में पहुंची। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने 85 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाई दी। इनमें से 15 लोगों के मुफ्त लैब टेस्ट भी किए गए। डॉ. प्रमोद ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का विजन है कि आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही महंगी चिकित्सा से उन्हें राहत दिलाने के लिए लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की इस पहल का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बुजुर्गों को मिल रहा है। जो बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काट सकते। मुफ्त दवाई देने के साथ-साथ टीम लैब टेस्ट करके लोगों को समय रहते बीमारी से जागरुक रहने के लिए भी प्रेरित करती हैं। इसके साथ-साथ टीम में शामिल महिला स्टाफ गर्भवती महिलाओं एवं युवतियों को संतुलित आहार के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उनके शरीर में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन आदि की मात्रा को चेक करता है। लोगों को उचित खान-पान और शरीर में पनप रही बीमारी के संकेत पहचान के बारे में भी अवगत किया जाता है। ,सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि संकल्प पत्र में किए गए वादे को पूरा करते हुए कुरुक्षेत्र व कैथल दोनों जिलों में मेडिकल वैन सेवाएं लगातार जारी हैं।



**पिहोवा।** इलाज करने के लिए पहुंची नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई पार्टी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सोमवार को एक शिक्षिका व सात गैर-शिक्षक कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों का अहम योगदान है। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सेवानिवृत्त होने वाली शिक्षिका व कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत करते हुए अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस से सीनियर प्रोफेसर डॉ. शुचिता उपाध्याय,निर्माण शाखा से कारपेंटर ग्रेड-1 राम मूर्ति, सेनिटेशन विभाग से स्वीपर कमलेश, बिमला देवी, ओम प्रकाश, मिठिया राम व मंगत राम शामिल हैं।

## पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में सुधांशु कोमल, सारिका व चिराग रहे प्रथम

- श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में सोमवार को योग एवं संस्कृत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की 15 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने योग शास्त्रेषु सप्त चक्राणि,अष्टांग योग तथा संस्कृत के अन्य पारंपरिक विषयों पर सुंदर और विचारोत्तेजक पोस्टर तैयार किए। विद्यार्थियों ने अपने कार्य के माध्यम से योग और भाषा के समन्वय को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।



प्रतियोगिता में टीम नंबर-8 के सुधांशु, कोमल, सारिका और चिराग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम नंबर-5 के निधि, साक्षी,पूनम,शिवम और सृष्टि को द्वितीय स्थान मिला, जबकि टीम नंबर-14 की सिमरन और प्रिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। टीम नंबर-3 की पारुल, पूजा, पलक, निधि और महक और टीम नंबर-9 अंजू, निधि, हेमलता और लक्षिता को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।



### शिक्षकों को वैल्यू एजुकेशन की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र ने वैल्यू एजुकेशन टॉपिक पर नवाचारी आंतरिक प्रशिक्षण सत्र इन.हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया। सत्र का सफल संचालन दृष्टिवान प्रशिक्षकों ज्योतिष्मा और पूजा कक्कड़ द्वारा किया गया। ज्योतिष्मा और पूजा कक्कड़ ने वैल्यू एजुकेशन के महत्व, उद्देश्यों, प्रकारों और इसके क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्या ने वैल्यू एजुकेशन के महत्व और इसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। 88 से अधिक समर्पित शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित इस सत्र ने विद्यालय में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। यह अनुभव न केवल शिक्षकों को सशक्त बनाएगाए बल्कि छात्रों के भविष्य को भी आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और विद्यालय को उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाएगा।

## सकारात्मक भाषा आत्मविश्वास, संबंध और सफलता की कुंजी : डॉ. सुषमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उदयन शालिनी फेलोशिप कुरुक्षेत्र द्वारा ऑनलाइन एम्प्लॉयबिलिटी सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'सकारात्मक भाषा' रहा। यह सत्र डॉ. सुषमा शर्मा द्वारा संचालित किया गया, जिसमें 71 शालिनियों ने भाग लिया। सत्र में डॉ. शर्मा ने सकारात्मक भाषा की शक्ति और व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक जीवन में उसके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हम दूसरों और खुद से किस प्रकार संवाद करते हैं, वही हमारे जीवन की दिशा तय करता है। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि सकारात्मक भाषा अपना कर कैसे हम अपने आत्मविश्वास और संबंधों में सुधार ला सकते हैं।

### शालिनियों को दिए सुझाव



उन्होंने शालिनियों को यह भी सुझाव दिया कि वे अपनी शैक्षणिक यात्रा में भी सकारात्मक भाषा का प्रयोग करें, जिससे उनका दृष्टिकोण, सीखने का तरीका और प्रस्तुति शैली बेहतर हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जब हम अपनी बातों में सकारात्मकता रखते हैं, तो हमारे चारों ओर का वातावरण भी सकारात्मक बनता है। सत्र के दौरान उन्होंने शालिनियों को 'हियरिंग' और 'लिसनिंग' में फर्क भी समझाया। उन्होंने बताया कि सिर्फ सुनना एक सामान्य क्रिया है, जबकि सुन कर समझना (लिसनिंग) एक कला है जो ध्यान, समझ और प्रतिक्रिया से जुड़ी होती है। यह अंतर समझ कर शालिनियां संवाद में अधिक प्रभावशाली बन सकती हैं। शालिनियों ने सत्र में विशेष सक्रियता दिखाई और अपने विचार सांझा किए। उन्होंने विषय से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनके उत्तर डॉ. शर्मा ने स्पष्ट और प्रेरणादायक ढंग से दिए। इससे सत्र और अधिक संवादात्मक और उपयोगी बन गया। अंत में, एपीसी पूजा और सभी शालिनियों ने डॉ. सुषमा शर्मा का आभार प्रकट किया और उनके द्वारा दिए गए अमूल्य समय और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया।



### समर कैंप में बच्चों को दिया नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट व मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के निदेर्शानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के लिए नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिला ने कहा कि इस समर कैंप का आयोजन बाल भवन कुरूक्षेत्र के साथ-साथ मिनी बाल भवन पिहोवा व मिनी बाल भवन लाडवा में किया गया। उन्होंने कहा कि इन समर कैंप में बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है तथा सभी बच्चों को मिलजुल कर रहने का अवसर प्राप्त होता है। इस समर कैंप के समापन समारोह में जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा सभी बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए तथा शील्ड भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मीना, राजकुमार, रॉकी, पूजा राजबाला, सुलेखा व बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## जीवन रक्षक होता है डॉक्टर : कृष्णाकांत

- स्वास्थ्य केंद्र लाडवा से जुड़े हुए सभी अधिकारी व कर्मचारी की विशेष सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डाक्टर कृष्णकांत ने स्वास्थ्य केंद्र लाडवा से जुड़े हुए सभी अधिकारी व कर्मचारी की विशेष सभा का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि हर साल 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है यह दिन महान चिकित्सा और स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है। जिनका जन्म और मृत्यु दोनों 1 जुलाई को हुई थी । डॉक्टर राय को उनके चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए जाना जाता है । उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संदेश दिया कि हमें निडर होकर समाज में जो भी तरह-तरह की बीमारियां फैल रही है उनका निदान करना है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर कृष्णकांत ने बताया कि 1 जुलाई 2025 से एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य समाज में सभी एनीमिया से ग्रसित मरीजों की जांच, उपचार, परामर्श तथा ऐसे मरीजों की ट्रैकिंग करने उपरांत अनिमिया जैसी बीमारी को संपूर्ण रूप से खत्म करना है। इसके लिए एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम 1 जुलाई से आगामी 100 दिन के लिए चलाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से डॉक्टर जसविंदर, डॉक्टर विशाल, डॉक्टर नीलम,डॉक्टर रंजू सोनी, डॉ नवनीत, डॉक्टर नवदीप, कमलजीत नर्सिंग ऑफिसर, जसमेर स्वास्थ्य निरीक्षक, रामवीर एल टी आदि मौजूद रहे।



**लाडवा।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा कर्मचारी व अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

**जागरूकता** | भारतीय संसाधन एवं विकास संघ ने गांव अभिमन्युपुर में कार्यक्रम का किया आयोजन

# उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में किया जागरुक

### उपभोक्ता को सही और प्रमाणित उत्पादों की पहचान करने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय संसाधन एवं विकास संघ (इरादा) द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो, हरियाणा ब्रांच के सहयोग से गांव अभिमन्युपुर, कुरुक्षेत्र में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, और उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता, मानकीकरण और इकर की भूमिका के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में मंच का संचालन केशव कुमार द्वारा किया गया जिन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया वह कार्यक्रम के बारे में जानकारी सांझा की। मुख्य वक्ता राजपाल पांचाल, सचिव भारतीय संसाधन एवं विकास संघ ने सरल भाषा में कार्यक्रम को संबोधित किया, जिससे ग्रामीणों को विषय की गहराई को समझने में आसानी हुई। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो देश में उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली प्रमुख संस्था है, जो उपभोक्ताओं की सुरक्षा एवं संतोष के लिए उत्पादों पर करक मार्क तथा अन्य मानकों को अनिवार्य बनाती है। पांचाल ने उपस्थित लोगों को यह समझाया कि कैसे उपभोक्ता सही और प्रमाणित उत्पादों की पहचान करके खुद को ठगी या घटिया उत्पादों से बचा सकते हैं।




### इस तरह की पहल जरूरी : विनोद

पंच विनोद कुमार ने धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी है और इससे न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समाज में गुणवत्ता और सुरक्षा की संस्कृति भी विकसित होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के सरपंच गौरव जैलदार, ग्रामीण युवा विकास मंडल के प्रधान राजीव कुमार, माय भारत विभाग की स्वयं सेविका, दीपक, रीना, शिवानी, दीक्षा जोशी, मिली, वंदना, नैन्सी, ओजस, अंशुल व प्रवीण पठानिया उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित

**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि तहसील कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष (फ्लड कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की बाढ़ या बारिश के कारण आपात स्थिति की सूचना देने और सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नंबर 01734-284002 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं।

### एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं सुनकर विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।एसडीएम ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जाता है जिसमें नागरिक अपनी समस्याएं सीधे रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य लोगों की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निवारण सुनिश्चित करना है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नबी हसन उर्फ नब्बू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि इसके अतिरिक्त भी उसने मोटरसाईकिल चोरी की है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की कुल 3 मोटरसाईकिलें बरामद की हैं। लक्ष्मीनगर के अजय ने 23 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि ए-3 रेस्टारेंट के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अरूण व रोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने 3 दिन के रिमांड पर लिया है। कच्चा बाजार के आशीष कुमार ने 26 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि परिवार के सदस्य घर से बाहर गए हुए थे जब वापिस घर आकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। किसी व्यक्ति ने उसके घर में घुसकर अलमारी से सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी कर ली है।

### 18.27 करोड़ की योजना पर चल रहा काम

# 2027 में मिलेगी अंबाला शहर को बरसाती पानी के भराव से मुक्ति

**विधायक निर्मल सिंह बोले विधानसभा के समक्ष मुद्दा उठाने के बाद अधिकारियों ने दी योजना की जानकारी, कई इलाकों में हर साल बरसाती पानी से होती है तबाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


खाली जमीन पर हुए जलभराव से बूटी निकालते कर्मचारी।



अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि किसी नगर की समुचित पहचान उसकी सड़कों, भवनों और बाजारों से नहीं अपितु उसकी मूलभूत सार्वजनिक व्यवस्थाओं से होती है। उन्हीं में से एक है बरसाती पानी की सम्यक निकासी। उन्होंने कहा कि जब नगरों की गलियां जलकुंड बन जाती हैं तब नागरिक जलराशि में डूबे अपने दैनिक जीवन की साधारण गतिविधियां भी पूर्ण नहीं कर पाते। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने इस पीड़ा का जिक्र हरियाणा विधानसभा के सभा मंच पर किया है। उन्होंने मानसून की त्रासदी में डूबते नागरिक जीवन का वह स्वर बुलंद किया। उनका आरोप है कि इस समस्या पर सालों से सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर प्रत्येक बरसात में तालाब का रूप ले लेता है। दशमेश मार्केट,जडौत रोड, जलबेड़ा रोड,गणेश विहार, नसीरपुर जैसे मोहल्ले प्रतिवर्ष जलप्रलय के साक्षी बनते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पानी निकासी के लिए कभी स्थायी योजना नहीं बन पाई। हालांकि इस संवेदनशील मुद्दे पर अब जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के अधिकारी हरकत में दिख रहे हैं। उन्होंने विधायक को जानकारी दी है कि अंबाला शहर में मौजूदा समय में बनूड़ी नाका,गणेश विहार, नसीरपुर और साउथर्न डिस्पोजल पर कुल चार बरसाती जल डिस्पोजल स्थापित किए हैं। इनके अतिरिक्त नगर में 18 मोबाइल डीज़ल इंजन सेट उपलब्ध हैं जिनकी सम्मिलित क्षमता 167 हॉर्सपावर है। ये बरसात के समय तत्काल जल निकासी में सहायक सिद्ध होते हैं। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि यह आधारभूत व्यवस्था नगर की समस्त आवश्यकताओं को पूरा करने में अक्षम है। पानी निकासी के स्थायी समाधान को लेकर चार नई स्थायी जल निकासी इकाइयों की स्थापना की योजना प्रस्तावित की गई है। यह दशमेश मार्केट, जडोत रोड, जलबेड़ा रोड और साउथर्न डिस्पोजल क्षेत्रों में स्थापित होंगी। इनकी सम्मिलित जल वहन क्षमता 74 क्यूसेक निर्धारित की गई है। इस समूची परियोजना पर 18.27 करोड़ की लागत अनुमानित है। विभाग का लक्ष्य है कि यह कार्य 30 मार्च 2027 तक पूर्ण कर दिया जाएगा। इसके पूर्ण होते ही अंबाला शहर को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलने की संभावना है। अधिकारियों ने विधायक को यह भी बताया कि 'ड्रेनेज ऑफ स्टॉर्म वाटर कंसल्टेंसी फॉर अंबाला सिटी' से 2 करोड़ की लागत वाला एक परामर्शी प्रोजेक्ट भी विचाराधीन है। जिसकी फाइल आगामी जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। यह परामर्श केवल योजना निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वह तकनीकी विशेषज्ञता को सामाजिक सरोकार से जोड़कर एक व्यवहारिक और सुदृढ़ ढांचा सुनिश्चित करेगा। चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि यह केवल किसी प्रश्न का उत्तर नहीं बल्कि जनप्रतिनिधित्व की सार्थकता का प्रमाण है। जनता की समस्याएं ही उसकी शक्ति होती हैं। यदि कोई जनप्रतिनिधि अपने नगरवासियों की पीड़ा को अपना धर्म समझे तो व्यवस्था भी झुकती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अंबाला शहर की जनता के जीवन को जलमुक्त और सुरक्षित बनाना उनका नैतिक,सामाजिक और संवैधानिक उत्तरदायित्व है।

#### बूटी निकालने का काम शुरू

*बरसाती सीजन में रिहायशी बस्तियों में जलभराव न हो इसी वजह से अब निगम की ओर से खाली जगह पर पानी में जमा जड़ी बूटी व जंगली घास को निकालने का काम शुरू हो गया है। सोमवार को निगम की ओर से माता अंबिका देवी मंदिर के पास खाली मैदान में जमा पानी में उगी जड़ी बूटी को निकालने का काम किया गया। कई कर्मचारियों को इस काम में लगाया गया ताकि आने वाले दिनों में यह समस्या ज्यादा गंभीर न हो। आमतौर पर बरसाती दिनों में यह बूटी तैरकर लोगों के घरों तक पहुंच जाती है।*


अंबाला। जलभराव की शिकायत करने पहुंचे दुकानदार।

## मनियारी मार्केट में जलभराव, दुकानदारों ने कमिश्नर से पानी निकासी का किया आग्रह

- दुकानदार बोले हर साल जलभराव से होता है भारी नुकसान, नालों की सही ढंग से नहीं हो पाई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार को हुई भारी बरसात की वजह से अभी तक कई रिहायशी व व्यवसायिक कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति है। सोमवार को अंबाला शहर की होलसेल मनियारी मार्केट के दुकानदारों ने कांग्रेस के निगम सदस्य मिथुन वर्मा के साथ नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर से मुलाकात की। इस दौरान दुकानदारों ने कमिश्नर को मार्केट में बरसाती पानी जमा होने की बात कही। उन्होंने मार्केट में पानी की निकासी न होने पर नाराजगी जताई। वार्ड नंबर10 के निगम सदस्य मिथुन वर्मा ने बताया कि हर बार बरसाती सीजन में होलसेल मनियारी मार्केट व इसके आसपास के दुकानदार जलभराव की स्थिति का सामना करते हैं। इसकी वजह से उन्हें भारी नुकसान होता है। वर्मा ने कहा कि वे कई बार निगम को इस सिलसिले में शिकायत दे चुके हैं लेकिन अभी तक यहां पानी निकासी का कोई समाधान नहीं हो पाया है। इस दौरान आयुक्त ने सभी दुकानदारों को शाम तक पानी निकासी करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सदस्य के आग्रह पर सुपर सकर मशीन लगाकर सफाई करवाने की भी बात कही है ताकि पूरे बरसाती सीजन में यहां जलभराव न हो सके। दुकानदारों ने यह भी कहा कि इस वर्ष ज्यादा बरसाती पानी एकत्रित हो रहा है। अब की बार निगम की ओर से नालों की सफाई सही तरीके से नहीं की गई। फिलहाल कमिश्नर के आश्वासन के बाद दुकानदार वापिस लौट आए।

### सिंगला ने पूर्व मंत्री का किया धन्यवाद

**अंबाला।** जिला कष्ट निवारण समिति का मेंबर बनने पर सेक्टर 8 के पूर्व अध्यक्ष अमरदीप सिंगला ने पूर्व मंत्री असीम गोयल का धन्यवाद किया। मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अमरदीप सिंगला का मुह मीठा करवाया। साथ ही शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रितेश गोयल, सेक्टर 9 के पूर्व अध्यक्ष मुकेश ऐबट, चमन अग्रवाल, डॉ सौरभ गुप्ता, हरित संधु व जितेंद्र जिंदल मौजूद रहे।

## 70 रोगियों को विशेषज्ञों ने दिए व्यायाम के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरि मंदिर परिसर में फीलिंग पाथ साइकोथेरेपी और रिहेबिलिटेशन सेंटर द्वारा एक निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को शारीरिक पीड़ाओं से राहत दिलाना था। शिविर में लगभग 70 रोगियों की जांच कर उन्हें फिजियोथैरेपी तकनीकों से उपचार प्रदान किया गया। यहां विशेष रूप से घुटनों, पीठ और जोड़ों के दर्द से पीड़ति लोगों को शिविर में आए चिकित्सकों से तत्काल राहत मिली। इस शिविर में डॉ. आस्था छाबड़ा ने रोगियों को दैनिक जीवन में अपनाई जा सकने वाली सरल व्यायाम विधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से किए गए व्यायाम और फिजियोथैरेपी से पीठ दर्द जैसी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। इस समय लोग सबसे अधिक पीठ दर्द की समस्या से जूझ रहे हैं जिसे सजगता और नियमित व्यायाम से कम किया जा सकता है। इस मौके पर नपा सदस्य अमित मक्कड़ और सुरेश मक्कड़ ने कहा कि यह शिविर नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। शिविर के सफल संचालन में दीपू मक्कड़, सुभाष कुमार, भारत भूषण, मनोज तथा राजेश छाबड़ा ने सक्रिय भूमिका निभाई।


बराड़ा। शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक।

## मानसिक विकास के लिए योग करें छात्र

- डीएवी स्कूल में क्षमता संवर्धन को लेकर आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी स्कूल में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत 'प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका प्रारंभ यज्ञ के साथ हुआ ताकि यज्ञ द्वारा बच्चों के अंदर शारीरिक तथा मानसिक एकाग्रता को विकसित किया जाए। प्रिंसिपल सुनीता ने अपने संबोधन में कहा कि योग बच्चों तथा अध्यापकों की शारीरिक, मानसिक व भावात्मक स्वस्थ्य को सुदृढ़ करता है। इस सत्र में कुलदीप चौहान योग इंस्ट्रक्टर और मुस्कान चौहान योग एक्सपर्ट के द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से हम बच्चों के अंदर अनुशासन और एकाग्रता को विकसित कर उन्हें सफल अध्ययन के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उसके बाद आचार्य गोपाल शर्मा प्रधान यज्ञ अनुसंधान संस्थान भंबोली द्वारा सत्र लिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे वेद और गीता के श्लोक बच्चों के जहां मानसिक स्तर विकसित करते हैं तो वहीं वे उनकी शारीरिक क्षमता को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मानसिक और शारीरिक विकास व भावात्मक स्तर आपस में जुड़े हुए हैं और बच्चों के जीवन में अध्यापक किस प्रकार परिवर्तन कर सकता है।

उन्होंने वैश्विक परिपेक्ष में सनातन मूल्यों का महत्व बताते हुए बच्चों के संतुलित विकास पर बल दिया। प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि हम बच्चों के सामाजिक, मानसिक ,शारीरिक विकास की बात करते हैं तो वहीं हमें आवश्यकता है कि शिक्षकों को भी समय-समय पर मानसिक भावात्मक तथा आध्यात्मिक रूप से प्रशिक्षित किया जाए।



बराड़ा। कैप्शन कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

## मार्केटिंग कंपनी में निवेश के नाम पर 12.37 लाख रूपये की ठगी

- पुलिस में नौकरी करने वाले भाई का रौब दिखाता था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव कसेरला के एक व्यक्ति से कंपनी में निवेश के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधडी. करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में राम सिंह ने मनोज कुमार नामक व्यक्ति पर गंभीर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए आर्थिक अपराध शाखा के माध्यम से मामला दर्ज करवाया है। राम सिंह बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने 12,37,599 रुपये वीयूएनओ मार्केटिंग कंपनी में निवेश किए थे। जगाधरी के शाहकमेशपुर के मनोज कुमार ने खुद को वीयूएनओ मार्केटिंग कंपनी का डिप्टी जनरल मैनेजर बताकर राम सिंह से संपर्क किया। मनोज ने उन्हें कंपनी में निवेश करने पर हर महीने 41,243 रूपये की मासिक किस्त और 10 वर्षों के बाद मूलधन वापसी का लालच दिया। पीड़ति ने विश्वास कर 25 जुलाई 2024 को अपने केंद्रीय बैंक शाखा उगाला के खाते से बताई गई बैंक डिटेल्स में आरटीजीएस के माध्यम से 12,37,599 रूपये आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। शुरू में तीन महीनों तक उन्हें लगभग 89,000 की राशि किस्तों के रूप में प्राप्त हुई। इसके बाद कोई भुगतान नहीं हुआ। आरोपी से कई बार संपर्क करने और पंचायत कराने के बाद भी जब कोई समाधान नहीं निकला। राम सिंह ने 7 अप्रैल 2025 और 5 मई 2025 को पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपी लेकिन कार्रवाई न होते देख उसने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की। जांच के दौरान यह सामने आया कि मनोज कुमार का भाई जोकि यमुनानगर पुलिस में कार्यरत था वह इस मामले में हस्तक्षेप कर रहा था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी दबाव में अब तक कोई भी उचित कार्रवाई नहीं हुई। अब आर्थिक अपराध शाखा ने जांच के बाद मामला सुसंगत पाया।

## पॉलीटेक्निक कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया बंद

- अब जारी होगी मेरिट सूची
- कॉलेज में मेरिट सूची जारी होने के बाद चल रही है फीस जमा करवाने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय बहुतकनीकी और कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स में आवेदन की प्रक्रिया बंद हो गई है। सोमवार को आवेदन का आखिरी दिन था। दोनों संस्थानों में पिछले कई दिनों से आवेदन प्रक्रिया चल रही है। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 600 और कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में 480 सीट पर दाखिला किया जाएगा। युवाओं का सबसे ज्यादा रुझान कंप्यूटर, एमएलटी, मैकेनिक कोर्स में देखने को मिल रहा है। इसी तरह डिप्लोमा इंजीनियरिंग लेटरल एंट्री में आवेदन की तारीख को 1 जुलाई तक बढ़ाया गया था। इसके लिए अभ्यर्थी एक जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। जिले के राजकीय, एडिड कॉलेजों में पहली मेरिट सूची जारी हो चुकी है। अब अभ्यर्थियों की ओर से फीस भरने का कार्य चल रहा है। इसी तरह राजकीय आईटीआई में तीन जुलाई से काउंसलिंग शुरू होगी। एडमिशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले कुछ दिनों में ही छात्रों की कक्षाएं लगने शुरू हो जाएंगी।

## शिक्षकों को नैतिक मूल्यों व व्यक्तिगत ईमानदारी का पढ़ाया गया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड विद्यालय में सोमवार एक विशेष इनहाउस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय था 'नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा'। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने किया। उन्होंने अपने समृद्ध अनुभव और ज्ञान के माध्यम से उपस्थित शिक्षकों को नैतिक मूल्यों और व्यक्तिगत ईमानदारी की आवश्यकता और प्रासंगिकता से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ईश वंदना से हुई। इसके पश्चात प्रशिक्षण सत्र में रूबी शर्मा ने नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि ये दोनों गुण न केवल एक शिक्षक के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हैं बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण सत्र में शिक्षा क्षेत्र में नैतिकता का महत्व, कार्यस्थल पर ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखना,विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास कैसे किया जाए, व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन स्थापित करने के उपाय व कहानियों और उदाहरणों के माध्यम से नैतिक निर्णय क्षमता को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई।


बराड़ा। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

## हार्ट सेंटर को कारण बताओ नोटिस उपचार में मरीजों को रही परेशानी

- सिविल सर्जन ने अस्पताल की खराब मशीनों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा सरकारी अस्पतालों से खराब मशीनें व उपकरण को तत्काल बदलने के फरमान के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हरकत में दिख रहे हैं। इसको लेकर सोमवार को कैंट के नागरिक अस्पताल का सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने निरीक्षण कर सभी मशीनों का जायजा लिया।उन्होंने अस्पताल प्रबंधन व डॉक्टरों संग बैठक कर उन्हें निर्देश दिए गए कि कोई भी उपकरण या मशीन खराब होती है तो इसकी सूचना तुरंत दें ताकि उसे दुरुस्त करवाया जाए। सिविल सर्जन ने आईपीडी व ओपीडी ब्लॉक का दौरा किया। इस बीच सिविल सर्जन के संज्ञान में आया कि पीपीपी मोड पर चल रहे हार्ट सेंटर में आयुष्मान कार्ड के मरीजों को उपचार करने में परेशानी हो रही है। कार्ड धारकों की जगह वह कैश में उपचार करवाने वालों को प्राथमिकता दे रहे हैं। जिसके बाद डॉ. राकेश सहल ने हार्ट सेंटर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। डॉ. राकेश सहल ने कहा कि उनके संज्ञान में मामला आया है। जवाब मांगा गया है कि ऐसा क्यूं हो रहा है। इसके लिए जवाब आने का इंतजार है। उसके बाद डॉक्टरों और स्टाफ से बात की जाएगी।

### कर्मचारी बोले, अब नौकरी जाने का डर हुआ खत्म

# राज्य सरकार ने 79 निगम कर्मचारियों को दी जॉब सिक्योरिटी

- पूरी ईमानदारी व जोश के साथ करेंगे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत 79 कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी के प्रमाण पत्र मिल गए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभी कर्मचारियों को पत्र सौंपकर सरकार के वायदे को पूरा करने का ऐलान। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अक्सर नेताओं द्वारा किए गए वायदे चुनावों के बाद दम तोड़ देते हैं। मगर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चुनावी वायदों की परिभाषा बदल डाली है। बता दें कि ये वो कर्मचारी हैं जो बीते कई कई सालों से नगर निगम में कच्चे कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे। हर समय नौकरी जाने की तलवार इनके सिर पर लटकी रहती थी लेकिन प्रदेश के मुखिया ने जब अपना वादा पूरा किया तो इनके चेहरे खिल उठे। इन कर्मचारियों को एचकेआरएन के तहत अब जॉब सिक्योरिटी प्रमाण पत्र मिल गए हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभी कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देने के बाद बताया कि पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया था। अब नायाब मुख्यमंत्री की नायाब नीतियां घर घर खुशहाली पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस मुद्दे को विपक्ष केवल चुनावी मुद्दा बताता था। उस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने विपक्षियों का मुंह बंद करने का काम किया है। पूर्व सरकारों के राज में चलने वाले भाई भतीजावाद,परिवारवाद,कृपावाद,पर्ची खर्ची को जड़ से खत्म किया। जॉब सिक्योरिटी प्रमाण पत्र मिलने के बाद नगर निगम कर्मियों ने खुलकर अपनी खुशी का इजहार किया। कर्मचारियों ने इस नायाब सौगात के लिए मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें नौकरी को लेकर डर सताता रहता थालेकिन अब वो बेफिक्र होकर अपना काम कर सकेंगे।


अंबाला। पूर्व मंत्री असीम गोयल से मुलाकात करते एचकेआरएन के कर्मचारी।

#### इन कर्मचारियों को मिली जॉब सिक्योरिटी

विशाल कुमार, गुरदर्शन सिंह, रोहित कुमार, सिमरनजीत, प्रवीण, अवतार सिंह, नवनीत सिंह, करण, नीरज शर्मा, ज्योति शर्मा, पुनीत कुमार, गगन कश्यप, मोनिका, पूजा कपूर, अनिल कपूर, इंदु बाला, आशु,धर्मेंद्र, रजनी नागपाल, रचित, हरीश छाबड़ा, सूबा सिंह, पलबिंदर, संदीप, आमिर खान, अमृतपाल, राकेश कुमार, राज कुमार, राकेश कुमार, सुनील कुमार, मीनाक्षी, मीनू, लवली, सोनिया, अनीता, सचिन गोयल, संजय कुमार, सुधा रानी, सतीश कुमार, आशीष कुमार, गौरव कपूर, राजेश, साहिल गुप्ता, सोनू, कुलदीप सिंह, प्रेम, सुखदेव सिंह, हाकम सिंह, रणजीत सिंह, अंकित, तरसेम, लाल चंद, मनमोहन, सतीश, मनीष, मोहन लाल, सुरजीत सिंह, अरुण कुमार, राजेश कुमार, कमलजीत सिंह, विक्रम सिंह, अतुल कुमार, दर्शनी देवी, संजीव कुमार, राजेश कुमार, पूजा देवी, मंजीत कौर, जगदीश कुमार, सुच्चा सिंह, रवि, दिलावर सिंह, सतबीर सिंह, हरजिंदर सिंह, बंत राम, शेर सिंह, गुरसंत सिंह, विजय कुमार, जय कुश शामिल हैं।